**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1301**
**28 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**नवीकरणीय ऊर्जा के लिए मौसम पूर्वानुमान केंद्र**

**1301. श्री वि. विजयसाई रेड्डीः**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार का सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुकूल मौसम पूर्वानुमान दृष्टिकोण विकसित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आंध्र प्रदेश जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी राज्यों में ऐसे किसी पूर्वानुमान केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क)-(ख) जी हाँ । हाल के वर्षों में विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा (RE) (पवन और सौर ऊर्जा) क्षेत्र से मॉडल आधारित मौसम डेटा की मांग बढ़ रही है। भारत में विभिन्न एजेंसियों (निजी/सार्वजनिक एजेंसियों दोनों और सरकारी विभागों) द्वारा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF), भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा संख्यात्मक मॉडल के उपयोग से सृजित मौसम डेटा और उत्पादों का उपयोग अनुप्रयोगों के लिए किया जा रहा है । ये संस्थान पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा के पूर्वानुमान में मौसम डेटा के उपयोग के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के तहत राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (NIWE) तमिलनाडु (स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर) और पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (POSOCO) जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

(ग) नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए पूर्वानुमान केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****